इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ।

संख्या : 6211/Admin./2022
दिनांक : 27/08/2022

विज्ञप्ति

इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ में अधिवक्ताओं के क्लर्क्स (पंजीकरण एवं चरित्र) नियमावली, 1997 के नियम 7 के अन्तर्गत होने वाली वर्ष 2022 की परीक्षा में सम्मलित होने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र (निर्देश पत्र सहित) दिनांक 05.09.2022 से 26.09.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 02.00 बजे से सायं 04.30 बजे तक पास अनुभाग (निकट गेट नम्बर –6) से रू. 20/– (बीस रुपये मात्र) नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रार्थना पत्र को पूर्णतया भरकर पास अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.09.2022 (सायं 04.30 बजे तक) है। अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा दिनांक 05.11.2022 (शनिवार) को निर्धारित की गयी है जो कि अपरिहार्य परिस्थितियों में परिवर्तित भी की जा सकती है।

यह परीक्षा केवल पैनल बनाने हेतु आयोजित की जा रही है। पैनल में सम्मिलित होने मात्र से कोई भी आवेदक, उच्च न्यायालय में, किसी प्रकार के सेवायोजन अथवा किसी अधिवक्ता से पारितोषिक प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा, जब तक कोई अधिवक्ता उसे अपने क्लर्क के रूप में सम्बद्ध न कर ले।

Sd/-
वरिष्ठ निबन्धक
इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ